STUDENT MAP

## Part - II

## HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool off time : 15 Minutes

*General Instructions to Candidates :*

- There is a 'Cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time.
- Use the 'Cool off time' to get familiar with questions and to plan your answers.
- Read the instructions carefully.
- Read the questions carefully before answering.
- Calculations, figures and graphs should be shown in the answer sheet itself.
- Give equations wherever necessary.
- Electronic devices except nonprogrammable calculators are not allowed in the Examination Hall.

सूचना : निम्नलिखित कवितांश पढ़िये और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

अरे आ गई है भूली-सी
यह मधुऋतु दो दिन को,
छोटी-सी कुटिया मैं रच दूँ,
नई व्यथा साथिन को ।
वसुधा नीचे ऊपर नभ हो,
नीड़ अलग सबसे हो,
झाड़खंड के चिर पतझड़ में
भागो सूखे तिनको ।

प्रश्न :

1. इस कवितांश के रचयिता कौन है?
(जयशंकर प्रसाद, रामधारीसिंह 'दिनकर', चंद्रकांत देवताले, पवन करण) (1)

2. प्रेम का नीड़ कहाँ स्थित है? (1)

3. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखिए । (6)

4. सही मिलान कीजिए । (8 × 1 = 8)

| | |
|---|---|
| a) Cancel | i) सहेजें |
| b) Social | ii) प्रारूप |
| c) Public | iii) बहिर्पात |
| d) Process | iv) कूड़ेदान |
| e) Save | v) सामाजिक |
| f) Output | vi) प्रक्रिया |
| g) Format | vii) रद्द करें |
| h) Trash | viii) सार्वजनिक |

**सूचना : निम्नलिखित 5 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए ।** (3 × 2 = 6)

5. 'अपराध' कहानी में बड़े भाई के प्रति छोटे के मन में प्रतिकार की भावना क्यों उत्पन्न हुई?

6. चाँद के अनुसार मनुष्य का स्वप्न किसके समान है?

7. 'उसे शाक सा लगा' किसको? क्यों?

8. रेलगाड़ी में बैठकर महिला यात्री क्या क्या फेंक रही थी?

Get the latest Question papers,
Notes and study resources.
Visit studentmap.in

**सूचना : 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए।**

(4 × 4 = 16)

9. निम्नलिखित दोहा पढ़िए और दोहे का आशय स्पष्ट कीजिए ।

   लघुता से प्रभुता मिले, प्रभुता से प्रभु दूरि ।
   चींटी ले शक्कर चली, हाथी के सिर धूरि

10. 'जुलूस' नाट्यरूपांतर के इब्राहिम अली के ये कथन पढ़िए ।

   - 'उसी दिन स्वराज्य सूर्य का उदय होगा ।'
   - 'हमें रोकना चाहते हैं, रोक लीजिए । मगर आप हमें लौटा नहीं सकते ।'
   - 'आप बेटन चलाएँ ।'
   - 'हम दूकानें लूटने या मोटरें तोड़ने नहीं निकले हैं ।'

   इन कथनों के आधार पर इब्राहिम अली के चरित्र पर टिप्पणी लिखिए ।

11. निम्न जीवनवृत्त के आधार पर पवन करण के बारे में एक अनुच्छेद लिखिए ।

**जीवन–वृत्त**

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | पवन करण |
| जन्म | : | 18 जून, 1964 |
| जन्मस्थान | : | ग्वालियर, मध्यप्रदेश |
| प्रमुख रचनाएँ | : | इस तरह मैं, स्त्री मेरे भीतर, अस्पताल के बाहर टेलिफोन, कहना नहीं आता |
| पुरस्कार | : | रामविलास शर्मा पुरस्कार, वागीश्वरी सम्मान, पुश्किन सम्मान, केदार सम्मान |
| विशेषताएँ | : | जन साधारण की समझ में आनेवाली भाषा । |

12. 'जिसपर अंकित है आँसू, थकान, विश्राम और प्रेम की स्मृतियाँ' पत्थर की बैंच पर क्या क्या अंकित हैं? कैसे?

13. यात्री किसी अपराधी की भाँति सिर झुकाए रिक्शे के साथ-साथ चल रहा था, क्यों?

**सूचना : 14 से 17 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।** (3 × 6 = 18)

14. एक बूढ़ा आदमी जमीन खोद रहा था । तब एक नौजवान वहाँ से गुज़रा । 'आनंद की फुलझड़ियाँ' नामक निबंध के आधार पर दोनों के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार कीजिए ।

- पूर्वजों की मनोवृत्ति ।
- दूसरों को सुख और आनंद पहुँचाना ।

15. निम्नलिखित अंग्रेजी संवाद का हिंदी में अनुवाद कीजिए ।

Riya : Good morning teacher.

Teacher : Good morning Riya. Where are you going?

Riya : I am going to the library.

Teacher : Do you have class in the afternoon?

Riya : No madam, we have no class today.

Teacher : Then I will come to your class tomorrow.

Get the latest Question papers,
Notes and study resources.
Visit studentmap.in

16. 'मैं इस जीवन में दुख ही देखने को पैदा हुई हूँ ......' दिलीप से आगे न पढ़ा, पत्र फाड़कर फेंक दिया। रसीले दुख के बारे में सोच करके दिलीप अपनी डायरी लिखता है। दिलीप की डायरी तैयार कीजिए।

- राह में लड़के से भेंट
- माँ-बेटे का प्यार
- असली दुख की पहचान

17. 5 जून, पर्यावरण दिवस है। सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूल, कण्णूर में इसका उद्घाटन सुबह 11 बजे केरल के शिक्षा मंत्री करेंगे। इसके लिए एक पोस्टर तैयार कीजिए।

सूचना : निम्नलिखित खण्ड पढ़िए और 18 और 19 प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

मेरे भाई मुझसे छः साल बड़े थे। आश्चर्य था कि पूरे गाँव में सभी लड़के मुझसे कई वर्ष बड़े थे। मैं इसलिए सबसे छोटा था और अकेला था। जब खेलते तो उनके पीछे मैं लग जाता। मेरे भाई बचपन से अपाहिज थे। उनके एक पैर को पोलियो हो गया था। लेकिन वे बहुत सुंदर थे, देवताओं की तरह। वे आसपास के कई गाँवों में सबसे अच्छे तैराक थे और उनको हाथ के पंजों की लड़ाई में कोई नहीं हरा सकता था।

18. भाई लेखक से कितने बड़े थे? (2)

19. खंड का संक्षेपण कीजिए और शीर्षक दीजिए। (6)

**सूचना : 20 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर लिखिए ।** **(2 × 8 = 16)**

**20.** ये सुर्खियाँ पढ़िए ।

| |
|---|
| मच्छरों को नियंत्रित कीजिए । |

| |
|---|
| डेंगू का बुखार बारिश के मौसम में |

| |
|---|
| संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए चिकित्सा अनिवार्य |

| |
|---|
| सरकार की ओर से रोकथाम |

डेंगू के रोकथाम के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या कारवाईयाँ की गई है, यह जानने के लिए महेश, सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूल, कोल्लम की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्रालय, केरल सरकार के नाम पर एक सूचना अधिकार पत्र लिखा जा रहा है । वह पत्र तैयार कीजिए ।

**21.** सूचकों की सहायता से किसी मनपसंद फिल्म की समीक्षा कीजिए ।

- फिल्म का कथासार
- निदेशक की भूमिका
- पटकथा, पात्र, छायांकन, आदि
- फिल्म के प्रति अपना दृष्टिकोण

Get the latest Question papers,
Notes and study resources.
Visit studentmap.in

STUDENT MAP



22. 'मोबाईल फोन का उपयोग' इस विषय पर स्कूल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है । इसमें प्रस्तुत करने के लिए एक आलेख तैयार कीजिए ।

- आधुनिक वैज्ञानिक युग
- मोबाईल फोन का सदुपयोग
- मोबाईल फोन का दोष